**आयोजन** | शुरू होने जा रही है शादियों की धूमधाम, गर्मियों तक जारी रहेंगे शुभ मुहूर्त

# वैलेंटाइन-डे के दिन भी सजेंगे मंडप





**नवभारत, जबलपुर, नवभारत।** बुधवार से एक बार फिर शादियों का धूम-धड़ाका शुरू हो रहा है और उसके बाद फिर जुलाई तक शुभ मुहूर्त्त चलते रहेंगे। आने वाली 4 फरवरी यानि बुधवार से शादियों का दौर प्रारंभ होने जा रहा है हालांकि होलाष्टक के कारण कुछ समय तक शुभ कार्य नहीं होंगे लेकिन शहरभर के मैरिज गार्डन, होटल पहले से ही बुक हो गए हैं। बता दे कि सोने-चांदी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी के चलते आभूषणों की खरीदी घट गई है और सस्ती व आर्टिफिशियल ज्वैलरी का चलन भी एकाएक बढ़ गया है। बायपास से लेकर प्रमुख मार्गों पर शादियों के आयोजन के चलते यातायात जाम की स्थिति भी रहेगी, क्योंकि अधिकांश गार्डनों और होटलों में पार्किंग की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

### प्यार का महीना है फरवरी

फरवरी माह में शादियों के लगभग एक दर्जन अच्छे मुहूर्त्त पंडितों के मुताबिक बताए गए हैं और शुक्र देव के उदय के साथ ये शुभ कार्य शुरू हो जाएंगे, जो जुलाई तक जारी रहेंगे। वैसे तो कई समाजों में शादियां हो रही है और अधिक मास में भी शादियां हुई, लेकिन हिन्दू समाज में शुभ मुहूर्त्त में ही शादियों का अधिक चलन है। पंडितों-ज्योतिषियों से मुहूर्त्त निकलवाकर ही शादियां की जाती है और अब 4 फरवरी से शादियों का दौर शुरू हो रहा है और इसमें 5 के अलावा 6, 8, 10, 12, 14 सहित अन्य मुहूर्त्त हैं। मौसम के हिसाब से भी जनवरी और फरवरी में सबसे अधिक लोग शादियां करना पसंद करते हैं और फरवरी में वैलेंटाइन-डे पर भी शादियां अधिक होती है।

### मार्च के शुभ मुहूर्त


मार्च में भी कुछ शादियों के अच्छे मुहूर्त्त हैं, तो अप्रैल, मई, जून की गर्मियों में भी शादियां होंगी। जुलाई में अवश्य 4 या 5 मुहूर्त्त अच्छे बताए गए हैं, जो कि 1, 6, 7 और 11 जुलाई को आ रहे हैं। बीच में होलाष्टक के कारण अवश्य मांगलिक कार्यों पर रोक रहेगी और 24 फरवरी से होलाष्टक शुरू होगा, जिससे होली की तैयारियां भी शुरू हो जाती है और मांगलिक कार्य 3 मार्च तक नहीं होंगे। इसके अलावा मार्च की अन्य तारीखों में शुभ मुहूर्त्त हैं। हालांकि शादियों के लिए महीनों पहले से ही बुकिंग का सिलसिला शुरू हो जाता है। मैरिज गार्डन, होटल, टेंट, हलवाई, कैटरिंग, बैंड-बाजा, घोड़ी से लेकर डेकोरेटर, वीडियोग्राफर सहित अन्य बुकिंग होती है। इंदौर में तो अब हाई-कफाई शादियों का चलन भी बढ़ गया है, जो बड़ी बड़ी इवेंट कम्पनियां करवाती हैं।

### सोने-चांदी के दामों ने रुलाया

बता दें कि अभी भी सोने-चांदी की कीमतें तेजी बनी हुई है। जिसके कारण शादियों के इस सीजन में आभूषणों की बिक्री प्रभावित होगी, क्योंकि सोना और चांदी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। हालांकि अभी दामों में गिरावट भी आई है। बावजूद इसके सामान्य, मध्यम वर्ग से लेकर उच्च वर्ग तक ने आभूषणों की खरीदी कम कर दी है। वहीं हल्के वजन के साथ 18 और 20 कैरेट की ज्वैलरी का चलन भी अधिक बढ़ गया है। दूसरी तरफ आर्टिफिशियल यानी कृत्रिम आभूषणों की बिक्री कई गुना बढ़ी है। वैसे भी आज-कल कई बड़ी-बड़ी कम्पनियां आर्टिफिशियल ज्वैलरी बनाने लगी है जो दिखने में असली ज्वैलरी से ज्यादा खूबसूरत लगती है। वैसे भी सोने के भावों में जो वृद्धि हुई है उसके चलते अब सोने के आभूषणों को पहनना भी महिलाओं के लिए जोखिम भरा हो गया है। बावजूद इसके शादियों के सीजन में सोने की बिक्री में इजाफा होता है और शहर के शोरूमों पर इसकी भीड़ नजर आने लगी है।



## धर्म को धारण करने वाला ही सिद्धचक्र में प्रवेश करता है



**नवभारत,जबलपुर।** 'भगवान की पूजा करोगे तो पुण्य बंधेगा,और अपने स्वरूप को जानोगे तो जीवन पुण्यबनेगा' उपरोक्त उद्‌गार भावनायोग प्रणेता मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के तीसरे दिवस व्यक्त किये । प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं सुवोध कामरेड ने बताया मुनि श्री ने प्रात: जैन मुनि की उत्कृष्ट चर्या का पालन करते हुये अपने हाथों से दाड़ी मूंछ आदि के बाल को अपने हाथों से उखाड़ एवं सोमवार को उपवास रहा।

मुनि श्री ने कहा कि इस धर्म सभा में ऐसा कोई भी व्यक्ती नहीं होगा जो णमोकार महामंत्र को नहीं जानता हो णमोकार महामंत्र अर्थात पंचपरमेष्ठी को स्मरण करना। श्री सिद्धचक्र विधान में प्रतिदिन पंचपरमेष्ठी की पूजन की जाती है, भगवान कहते है,कि तुम मुझे जपोगे तो जपते रह जाओगे और यदि हृदय में धारण कर लोगे तो तर जाओगे उन्होंने कहा कि भगवान कीपूजा करने से पुण्य बढ़ता है,और स्वरूप जानने से जीवन पुण्य बनता है। इस मौके पर मुनि श्री ने ये भी कहा कि पुण्य ऐसे नहीं बंधता,शास्त्रों में पुण्य के लिए विशुद्धि ही पुण्य का मुख्य कारण है और धर्म को धारण करने वाला ही सिद्धचक्र में प्रवेश करता है।

### एक नजर में



## सोनपुर मेले में अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी जानकारी दी गई

**जबलपुर,नवभारत।** सोनपुर स्वतंत्र मेला के अंतिम दिन के कार्यक्रम में अंतरिक्ष की पाठशाला आयोजित की गई जिसमें दिल्ली के प्रसिद्ध अंतरिक्ष वैज्ञानिक अमिताभ पांडे के द्वारा अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी विभिन्न रोचक जानकारी प्रदान की गई। वहीं आदिवासी गोंड व जनजाति सांस्कृतिक लोक कर्म शैली में नृत्य दल, प्रमुख हास्य कुमारी मरावी के द्वारा लोक नृत्य की प्रस्तुति व देवी गीत एवं भजन मंडली प्रमुख नंदकिशोर बर्मन के दल द्वारा प्रस्तुति दी गई ।इस अवसर पर विधायक सुशील इंदु तिवारी, महापौर जगत बहादुरसिंह अनु, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इसके साथ ही मेला संयोजक एवं दादा ईश्वर दास रोहाणी वार्ड क्रमांक 79 की पार्षद सुरेंद्र साहू, रॉयल इंडियन पब्लिक स्कूल के संचालक बृजभूषण बंटी खत्री सोनपुर की भूतपूर्व सरपंच मुन्नीबाई सेन सीताराम चक्रवर्ती, मनीष यादव, दशरथ यादव का सहयोग रहा। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक, बौद्धिक, शारीरिक, व्यापारिक एवं खेल गतिविधिया आयोजित की गई और प्रतिभागियों एवं व्यापारियों को पुरस्कार, प्रमाण पत्र वितरण किया गया ।मेले के समापन कार्यक्रम में मेला संयोजक रजनी साहू के द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया।



## नर्स को न्याय दिलाने एएसपी को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय सर्व जनजाति सेना के पदाधिकारियों द्वारा पीड़िता को न्याय दिलाये जाने की माँग को लेकर जिला कलेक्टर जबलपुर के नाम राजीव मिश्रा तहसीलदार व पुलिस अधीक्षक के नाम सूर्यकांत शर्मा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया ।इस दौरान मांग की गई कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में स्टाफ नर्स के पद पर जागृति इनवाती, जो कि एक आदिवासी (अनु. ज.जा.) परिवार से आती हैं उसके साथ विद्यालय की प्रिंसपल व स्टाफ के द्वारा जातिगत, सामाजिक, मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया और उसे आत्महत्या के लिए उकसाया गया। इन सभी के खिलाफ जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपते वक्त सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्रकुमार कुलस्ते, शैलेश सिंह, शिवप्रसाद मरकाम, उत्तम सिंह ताराम, घनश्याम यादव, विनोद कोल, आकाश सोनकर, रवि धुर्वे, धर्मेन्द्र सिंह धुर्वे, राम सिपाही सेठ, आकाश यादव, हेमन्त ठाकुर, शंकर लाल गोंटिया, गुड्डू सोनकर, अंशूमान शुक्ला सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे ।




## नशा युवाओं के कॅरियर को प्रभावित कर रहा है

**नवभारत,जबलपुर।** नशा मुक्ति संकल्प पखवाड़े के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर एवं नव ज्योति नशा मुक्ति केन्द्र, अवधपुरी, जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर ने कहा कि युवाओं के कॅरियर में नशा बाधक तत्व के रुप में उभर कर सामने आ रहा है। हमें विद्यार्थियों को नशे से होने वाली हानि से परिचित कराना होगा, नशा युवाओं के कॅरियर को प्रभावित कर रहा है। वहीं प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने नशे से होने वाले दृष्प्रभाव को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति की शपथ ली। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राध्यापक, कर्मचारी एवं नीरज रजक, श्वेता मिश्रा के साथ लगभग 82 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पाक रात शबे-बारात आज, मस्जिदों में इबादत व दुआओं का दौर




**नवभारत, जबलपुर।** मुस्लिम धर्मावलंबियों का पर्व शबे-बारात पूरी अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों की मस्जिदों में आकर्षक सजावट की गई है। शबे-बारात की पाक रात में मुस्लिम समाज अपने घरों में हज़रत उवैस क़रनी (रज़ि.) की बारगाह में नज़रो-नियाज़ पेश करेंगे। रात्रि के समय अकीदतमंद मस्जिदों में इबादत करेंगे और अल्लाह से तौबा-इस्तेग़फ़ार कर अपने गुनाहों की माफ़ी माँगेंगे। मुस्लिम धर्मावलंबी इस मौके पर रात्री में एवं सुबह फजर की नमाज के बाद कब्रिस्तान जाएंगे और अपने मरहूम के लिए दुआए मगफ़िरत भी करेंगे! मुफ़्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डॉ. मुशाहिद रज़ा क़ादरी बुरहानी के अनुसार, रानीताल स्थित ईदगाह में मंगलवार, 3 फ़रवरी (मुताबिक़ 14 शाबान, पंद्रहवीं शब) को मगरिब की नमाज़ जमाअत के साथ अदा करने के बाद शाबान शरीफ़ की तीन नफ़्ल नमाज़ ( दोगाने) अदा की जाएँगी एवं विशेष दुआ का एहतेमाम होगा। रानीताल ईदगाह के सज्जादानशीन नायबे मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हज़रत सूफ़ी ज़ियाउल हक़ रज़ा क़ादरी बुरहानी ने अकीदतमंदों से अधिक से अधिक संख्या में शिरकत कर फ़ैज़ व बरकात हासिल करने की गुजारिश की है।

मंडी मदार टेकरी स्थित इस्लामी शिक्षा केंद्र दारुल उलूम अहले सुन्नत में शबे-बारात के मौके पर बाबा ए मिल्लत हज़रत सैय्यद तनवीर अशरफ अशरफी जिलानी (रह.) वा हुजूर सूफ़ीये हिन्द हज़रत सैय्यद गुल अख़्तर अशरफ अशरफी अल जीलानी र.अ. के रूहानी फ़ैज़ान से 53वाँ सालाना दीक्षांत समारोह (जश्ने दस्तारबंदी) रात्रि 9 बजे आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की सरपरस्ती फ़ाज़िले बग़दाद, जानशीन मोहद्दिस-ए-आज़म व सूफ़िये हिन्द अमीर-ए-मिल्लत हज़रत अल्लामा मौलाना सैय्यद हसन असकरी मियाँ फ़रमाएँगे। मुंबई से जानशींने बाबा-ए-मिल्लत हज़रत सूफ़ी फ़ारुख़ लकड़वाला की हिमायत एवं हज़रत सैय्यद मुहियुद्दीन अशरफ की इनायत से जलसे की निज़ामत हज़रत अल्लामा सैय्यद अबरार अशरफी (गुजरात) करेंगे।

इस अवसर पर रहबरे शरीयत हज़रत अल्लामा मौलाना, हाफ़िज़ पीर नवाज पूना, हज़रत अल्लामा शुऐब रज़ा आसूई इलाहाबाद तथा ख़तीब-ए-महाराष्ट्र हज़रत अल्लामा हाफ़िज़ पीर नवाज़ साहब नूरानी तक़रीरें पेश करेंगे। वहीं सैय्यद नौशाद अशरफ गाडरवारा एवं शाहिर अशरफी लहसुई,मो.सिराज अशरफी किछौछवी नात-ए-पाक पेश करेंगे।



## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

**नवभारत, जबलपुर।** स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रीशन जबलपुर द्वारा पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत टूरिस्ट अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रीशन जबलपुर द्वारा कचनार सिटी में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों में स्वच्छता का सन्देश पहुंचाया गया। साथ ही शहर को स्वच्छ बनाने में सभी की सहभागिता की बात भी कही गई।



## वर्तिका काव्य पटल का लोकार्पण

**नवभारत, जबलपुर।** मानवीय भावनाओं को कलात्मक रूप से अभिव्यक्त करना सृजन है, ऐसा सृजन जिसमें मूल्यों को महत्व दिया गया है वह सार्थक सृजन होता है। तदाशय के उद्गार हीराधार बड़गइयाँ सिहोरा एवं अशोक मिजाज सागर के काव्य पटल लोकार्पण समारोह में अतिथियों ने व्यक्त किये। इस दौरान वर्तिका काव्य पटल का लोकार्पण किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राजेंद्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार थे। अध्यक्षता टॉप ग्रेड कलाकार अनवर हुसैन ने की । विशिष्ट अतिथि डॉ. सुधीर तिवारी एवं विशिष्ट वक्ता राजेश पाठक प्रवीण थे। अतिथि स्वागत दिवाकर शर्मा, महेश स्थापक, राजीव गुप्ता, अखिलेश श्रीवास्तव,दादू भाई, ज्ञानेश्वर द्विवेदी, रमाकांत गौतम ने किया।

कार्यक्रम के द्वितीय सोपान में काव्य गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र लाल साहू निर्विकार, मनोज शुक्ला, निरंजन द्विवेदी, जयप्रकाश श्रीवास्तव, पूर्व जज मीना भट्ट,डॉ. विजय किसलय, सुशील श्रीवास्तव, प्रभा खरे अखिल, कुंजीलाल चक्रवर्ती, सुभाषमणि बैरागी, प्रकाश सिंह ठाकुर, डॉ. शिव कुमार ठाकुर, सुशील जैन, अर्चना द्विवेदी ने काव्य रस वर्षा की।संचालन देवदर्शन एवं आभार प्रतिमा अखिलेश ने व्यक्त किया।

# हर प्रतिभागी में छिपे 'अंदर के बच्चे' की झलक दिखी

**स्पोर्ट्स विथ डॉक्टर्स थीम के कार्यक्रम में दिखा उत्साह**




**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर मेनोपॉज़ सोसाइटी एवं ज़ोगस के संयुक्त तत्वाधान में 'स्पोर्ट्स विथ डॉक्टर्स' थीम पर डॉक्टर्स एवं क्लब 35 प्लस के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जबलपुर मेनोपॉज सोसाइटी अध्यक्ष डॉ चित्र जैन, सचिव डॉ सोनल रिछारिया एवं संयोजक डॉ स्नेह टी मेथवानी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें 150 प्रतिभागी शामिल हुए। यह कार्यक्रम उम्र के हिसाब से 4 चरणों में किया गया जिसमे 35 वर्ष से 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग की महिलाओं ने भाग लिया । इसमें 50 मीटर दौड़, रिले रेस, बलून ग्रुप रेस, बलून ब्लास्टिंग रेस, नींबू-चम्मच दौड़, शॉट पुट और म्यूज़िकल चेयर आयोजित खेलों में शामिल थे। इस दौरान सभी आयु वर्ग की प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साह, खेल भावना और युवा ऊर्जा के साथ भाग लिया। पूरे कार्यक्रम में आनंद, आपसी सौहार्द और हर प्रतिभागी में छिपे 'अंदर के बच्चे' की झलक देखने को मिली।

विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार डॉ. चित्रा जैन, डॉ. सोनल रिछारिया, सचिव, डॉ. राखी बाजपेयी, अध्यक्ष, एवं सचिव डॉ कोमल जैन जबलपुर स्त्री रोग विशेषज्ञ संघ सोसाइटी द्वारा दिया गया । कार्यक्रम में डॉ शारदा मिश्रा, डॉ संगीता श्रीवास्तव, डॉ रूपा सरकार, डॉ नीना श्रीवास्तव ,डॉ प्रज्ञा धीरावानी ,डॉ रज़िया सिद्दीकी, डॉ शिल्पा सोमशेखर , डॉ रोमा नाग, डॉ श्रुति श्रीवास्तव, मनीषा श्रीवास्तव ,हर्षा अग्रवाल ,डॉ संगीता अग्रवाल, संध्या, डॉ. स्नेहा टी. मेथवानी सहित अन्य उपस्थित रहे।

**गोष्ठी** | विचार गोष्ठी के साथ रोपा गया पौधा, गुरु रविदास को किया गया नमन

# संत रविदास के कर्म प्रधानता और समरसता के सिद्धांत को करें आत्मसात




**नवभारत,जबलपुर।** भक्त शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती के अवसर पर समरसता सेवा संगठन द्वारा विचार गोष्ठी और पौधरोपण का आयोजन किया गया। मप्र तैलघानी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रविकिरण साहू, समाजसेवी सेवानिवृत मुख्य टिकिट निरीक्षक पमरे बृभूषण त्रिपाठी, आचार्य देवेंद्र त्रिपाठी के आतिथ्य एवं समरसता सेवा संगठन अध्यक्ष संदीप जैन, सचिव उज्जवल पचौरी की उपस्थिति में विचार गोष्ठी का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला गौरीघाट में किया गया। विचार गोष्ठी के बाद समस्त अतिथियों एवं आगँतुक जनों ने नर्मदा उद्यान गौरीघाट में संत रविदास जी की पावन स्मृति में नीम का पौधा रोपा।

विचार गोष्ठी को ने सम्बोधित करते हुए रविकिरण साहू ने कहा कि संत रविदास जी जैसे संतों का अवतरण हमारे देश में हुआ। जिनके समरसता के संदेश ने सम्पूर्ण भारत को सदभाव और एकता के सूत्र में बांधे रखा। संत रविदास के कर्म प्रधानता और समरसता के सिद्धांत को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन सचिव उज्जवल पचौरी, संचालन धीरज अग्रवाल एवं आभार संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुन्नीलाल अहिरवार, पार्षद मालती चौधरी, राजेन्द्र चौधरी, बारेलाल यादव, डॉ भास्कर अहिरवार, रोशन लाल चौधरी, संजय दुबे, पुरस्कृत सेंगर, विनीत यादव के साथ सामाजिक जन उपस्थित थे।

### समाज के वरिष्ठजनों को किया गया सम्मानित



**नवभारत,जबलपुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के अवसर पर संस्कारधानी जबलपुर में जयंती को बड़े ही हर्षोल्लास से रविदास समाज के द्वारा मनाया जा रहा है। इसी के चलते संत शिरोमणि गुरु रविदास समिति अहिरवार समाज के द्वारा डॉक्टर राधाकृष्णन एवं ठक्कर ग्राम वार्ड में भी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें गुरु वाणी पूजन अर्चन एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस दौरान सैंकड़ों की तादाद में रविदास समाज के महिला पुरुष बच्चे एकत्रित हुए । कार्यक्रम में समिति के द्वारा रविदास समाज के वरिष्ठ सम्मानित जनों का स्वागत सत्कार कर सम्मान किया गया । कार्यक्रम में अध्यक्ष आर डी चौधरी, संरक्षक दास प्रसाद अहिरवार, के एन अहिरवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रहलाद ठेकेदार, प्रकाश अहिरवार ,शशिकांत अहिरवार, रतन अहिरवार,राजू अहिरवार, लक्ष्मण अहिरवार ,एडवोकेट प्रदीप अहिरवार ,भरत अहिरवार ,सतीश अहिरवार, उत्तम अहिरवार दुर्गेश अहिरवार, रविशंकर अहिरवार संतोष महाजन सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।